मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 10

MTT–052

अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

(पी. जी. डी. टी.) (संशोधित)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2026

एम.टी.टी.–052 : अनुवाद : प्रक्रिया और प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : (i) *भाग–I में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***750*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।*

(ii) *भाग–II में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

भाग—I

नोट : *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***750*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 3×20=60

1. अनुवाद के विविध क्षेत्रों का विस्तृत परिचय दीजिए। 20

2. अनुवाद की विभिन्न प्रविधियों का उपयुक्त उदाहरणों के साथ वर्णन कीजिए। 20

3. रूपांतरण से क्या अभिप्राय है ? भाषिक, विषयवस्तु, विधा और अर्थ के स्तर पर रूपांतरण की चर्चा कीजिए। 20

4. मशीनी अनुवाद की चुनौतियों की चर्चा कीजिए। 20

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2×10=20

(क) सामान्य अनुवाद और लिप्यंतरण में अंतर

(ख) कम्प्यूटर कोश और ऑनलाइन कोश

(ग) पारिभाषिक शब्दावली निर्माण की विकास प्रक्रिया

भाग—II

6. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी वर्णक्रम के अनुसार व्यवस्थित करके लिखिए : 5

(i) rhabdomancy

(ii) rodomontade

(iii) rigescent

(iv) rhinoceros

(v) rigmarole

(vi) rogation

(vii) raspberry

(viii) referential

(ix) ragout

(x) rectifiable

7. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** का रोमन/देवनागरी में लिप्यंतरण कीजिए : 5

(i) ब्रह्मांड

(ii) संवर्धन

(iii) ढोलक

(iv) गुड़िया

(v) temperature

(vi) vehicle

(vii) promotion

(viii) journal

8. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

When we think about western response to modern India, we find that India was only one of the several factors which influenced European thought and life. At that time, the entire political, social, and intellectual life of Europe was far more active and complex than during any previous age, and perhaps any subsequent one. France let the Age of Enlightenment. Germany was rapidly advancing, asserting its intellectual prowess

(कौशल/क्षमता) in literature and philosophy. America and Russia had begun to make import contributions; and science had made fresh advances. These were far-reaching changes, in which the discovery of Indian literature and philosophy played a limited but significant role.

Inevitably, European response to Indian ideas differed from country to country; indeed, from thinker to thinker. Some received Indian thought more readily and understood it better than others. Others reacted against it almost instinctively. Whatever the response, favourable or not, it was entirely conditioned by the intellectual climate of Europe and its variations.

9. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

हमारे देश में महिलाओं के प्रति यौन अपराध के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। विडंबना यह है कि आज बड़ी संख्या में महिलाएँ न तो अपने घर में सुरक्षित हैं और न ही कार्यस्थल पर। समाज में महिलाओं के प्रति अपराध की मनोवृत्ति लगातार बढ़ रही है। भारत में हर वर्ष हजारों नाबालिग दुष्कर्म का शिकार होती हैं। उन्हें पुलिस से दुर्व्यवहार और अपमान भी सहना पड़ता है। अनेक मामलों में यह भी सामने आया है कि प्रतिशोध और अपराध के डर से कई महिलाएँ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराती हैं। घरेलू हिंसा, दहेज, बाल विवाह, लव जिहाद जैसे अनेक मामलों में भी महिलाएँ असुरक्षित होने के साथ–साथ उत्पीड़न झेलती हैं। जबकि देश का संविधान बिना किसी लिंग भेद के सभी को सम्मानजनक जीवन के अवसर देता है। तो फिर यह अधिकार महिलाओं से

क्यों छीना जा रहा है ? वस्तुतः देश भर में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएँ कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की ढिलाई का भी परिणाम है। क्या इस प्रकार की घटनाएँ भारत की वैश्विक साख को खराब नहीं कर रही हैं ?

10. नीचे दिए गए मूल अंग्रेजी पाठ और उसके हिंदी अनुवाद को सावधानी से पढ़िए और अनूदित पाठ का पुनरीक्षण कीजिए : 10

मूल : The aim of education is to draw out the faculties of the child on every side of the nature, to develop in him/her every intellectual, and moral power, and to strengthen him/her physically, mentally and spiritually that he/she may turn out at the end of his/her educational career a useful, patriotic, pious human being who respect

himself/herself and respect those around him/her. Education is a failure when it is simply cramming the boy's head with a lot of disjointed facts poured into the head as into a bucket to be emptied out again in the examination room, and the empty bucket carried out again in the world. It is not a good education which, exhausted as to his/her body and over strained as to his/her brain. When a child goes out of his/her school or college, he/she should be full of life, full of vigour, full of energy and full of delight in his/her young life to take up the burden of the work of the world. He/She should not be nerve exhausted and nerve-over strained when he/she has finished his/her educational career.

अनुवाद : शैक्षिक लक्ष्य लड़के की नैसर्गिकता की हर पक्ष की क्षमताओं को तैयार करना, उसमें हरेक बुद्धि और नीति शक्ति को विकसित करना और उसे भौतिक, दिमागी और धार्मिक रूप से मजबूत बनाना है कि वह अपने जीवन के अंत में सफल हो सके। शैक्षिक कैरियर एक उपयोगी, देशभक्त, धर्मनिष्ठ सज्जन व्यक्ति है जो स्वयं का मान है और अपने आस–पास के लोगों का मान करना है। शिक्षा तब सफल होती है जब वह लड़के के सिर में ढेर सारे असंबद्ध तथ्यों को इस तरह से ठूँस–ठूँसकर भर देती है जैसे कि एक बाल्टी में डाल दिया जाता है जिसे परीक्षा कक्ष में खाली कर दिया जाता है, और खाली बकैट को फिर से विश्व में ले जाया जाता है। यह जो कोई अच्छी शिक्षा है नहीं—उसके शरीर को थका देती है और उसके दिमाग को अत्यधिक

तनावी कर देती है। जब कोई लड़का अपने विद्यालय अथवा महाविद्यालय से निकल जाता है, तो उसे अपने युवक जीवन में दुनिया के काम का बोझ उठाने के लिए जीवन से भरा हुआ, जोश से भरा हुआ, शक्ति से भरा हुआ और हँसी से भरा हुआ होना चाहिए। जब उसने अपना शिक्षा कूरियर समाप्त कर लिया हो तो उसे पागल नहीं हो जाना और न ही बहुत अत्यधिक तनावी हो जाना चाहिए।

× × × × ×